PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

## हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, रविवार 20 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## लखनऊ: बैंकॉक से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट की लखनऊ में मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग,

**Emergency landing in Lucknow:** बैंकॉक से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैडिंग कराई गई।बैंकॉक से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान में शनिवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक यात्री की तबीयत अचानक गंभीर रूप से बिगड़ गई। स्थिति को देखते हुए पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग कराई।एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6E-1054 बैंकॉक से रात करीब 8:15 बजे रवाना हुई थी और इसे रात 11:10 बजे दिल्ली पहुंचना था। रास्ते में एक यात्री की हालत बिगड़ते देख क्रू मेंबर्स ने तुरंत पायलट को सूचित किया। इसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी।एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6E-1054 बैंकॉक से रात करीब 8:15 बजे रवाना हुई थी और इसे रात 11:10 बजे दिल्ली पहुंचना था। रास्ते में एक यात्री की हालत बिगड़ते देख क्रू मेंबर्स ने तुरंत पायलट को सूचित किया। इसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी।विमान के उतरते ही एयरपोर्ट पर पहले से तैनात मेडिकल टीम ने एंबुलेंस के जरिए यात्री को तत्काल गोमती नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान विमान करीब एक घंटे तक लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़ा रहा और सभी यात्री अंदर ही बैठे रहे। आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद रात 12:05 बजे विमान दिल्ली के लिए रवाना हो गया।

**इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग**




## अलीगढ़ पत्रकार भानु प्रकाश सैनी वह संगीता चौधरी की रिपोर्

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं UGC को लेकर घोर विरोध भारत आंदोलन साफ देखा जा सकता है
भाजपा के **राष्ट्रीय अध्यक्ष #नितिन_नवीन जी के कार्यक्रम की असली तस्वीर....**
जनता नहीं आई, कुर्सियां जरूर पूरी हाजिरी लगाकर बैठी थीं!
खाली कुर्सियां भाजपा की जमीनी हकीकत बता रही हैं।
सवर्ण समाज की नाराजगी अब साफ दिखाई देने लगी है।
**UGC काला कानून और सवर्ण समाज से जुड़े मुद्दों को लेकर नाराजगी के बीच भाजपा के लिए यह बड़ा राजनीतिक संदेश है।**
अब सवर्ण समाज अपनी आवाज और अपने राजनीतिक विकल्प को लेकर फैसला करेगा।





## 57वें गणेश महोत्सव में गूंजे मंगलगीत,
### विधि-विधान से हुआ कुआं पूजन और छठी उत्सव




**अलीगढ़।**अचल ताल स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री गणेश मंदिर एवं श्री सिद्ध विनायक व माता महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित 57वें गणेश चतुर्थी महोत्सव के सातवें दिन शनिवार को भक्ति, परंपरा और लोक संस्कृति का मनोहारी संगम देखने को मिला।बाल गणेश के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विधि-विधान से कुआं पूजन और छठी उत्सव का आयोजन किया गया।इस दौरान महिलाओं द्वारा गाए गए पारंपरिक लोकगीतों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय और मंगलमय हो उठा। महोत्सव के अंतर्गत शाम पांच बजे दोनों प्रमुख लोक-परंपरागत अनुष्ठान संपन्न कराए गए।सर्वप्रथम बाल गणेश के जन्म के उपरांत निभाई जाने वाली परंपरा के अनुसार कुआं पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि, आरोग्य और परिवार की खुशहाली की कामना की।इसके बाद नवजात बाल गणेश की छठी पूजन का आयोजन किया गया।महिलाओं ने पारंपरिक मंगलगीत और लोकगीत गाकर छठी उत्सव की खुशियां मनाईं। गीत-संगीत और धार्मिक अनुष्ठानों से मंदिर परिसर का वातावरण श्रद्धा और उल्लास से भर गया।मंदिर के महंत विनय नाथ महाराज ने कहा कि भगवान गणेश प्रथम पूज्य देव होने के साथ-साथ बाल स्वरूप में भी भक्तों के आराध्य हैं।इसी भाव के साथ उनके जन्म से जुड़े संस्कार और लोक परंपराएं भी उसी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई जाती हैं, जैसे किसी परिवार में नवजात शिशु के जन्म पर उत्सव मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी धार्मिक एवं लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का माध्यम हैं।छठी पूजन में, अल्पना वार्ष्णेय,क्षमा वार्ष्णेय,प्रिया वार्ष्णेय,रजनी,मानसी वर्मा,सुमन शास्त्री,गुड्डी देवी,राधा वार्ष्णेय, नीलम शर्मा,मंजू वार्ष्णेय,पिंकी भारद्वाज सहित सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस दौरान पूरे दिन मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और भक्तों ने भगवान गणेश के बाल स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और इस महोत्सव की जानकारी मीडिया प्रभारी ललित वार्ष्णेय ने दी। **रिपोर्ट भानु प्रकाश सैनी ✍️फोटो संगीता चौधरी🎥**

## अलीगढ़: स्वाइन फ्लू का कहर जारी,
### तीन नए मरीज मिले, अब तक संक्रमित मरीजों की संख्या 68 पहुंची




स्वास्थ्य विभाग संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की निगरानी और जांच करा रहा है, अच्छी बात यह है कि जिले में अब तक स्वाइन फ्लू से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है ।अलीगढ़ जिले में स्वाइन फ्लू का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को तीन नए मरीज मिलने के बाद जिले में अब तक संक्रमित मरीजों की संख्या 68 पहुंच गई है। इनमें 55 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।चार मरीजों का घर पर उपचार चल रहा है। अन्य नौ मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। जिले में अब तक स्वाइन फ्लू से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है।सीएमओ आरएन सिंह ने बताया कि शनिवार तक जिले में 232 आरटी-पीसीआर जांच कराई जा चुकी हैं। इनमें 68 मामले पॉजिटिव मिले हैं। इनमें 55 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए लोगों की निगरानी के साथ आवश्यकतानुसार जांच और उपचार करा रहा है। उन्होंने बताया कि संक्रमण से बचाव के लिए अब तक 103 लोगों का टीकाकरण कराया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्थिति पर लगातार नजर रख रही हैं और जरूरत के अनुसार जांच, उपचार व चिकित्सकीय निगरानी की कार्रवाई की जा रही है।

## Aligarh News: धान बेचकर गांव लौट रहे चालक की ट्रैक्टर से गिरकर मौत

गाजीपुर-अतरौली मार्ग पर गांव गनियावली के निकट धान बेचकर गांव आ रहे युवक की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव ऊतरा निवासी जीतू (30) पुत्र पप्पू शनिवार की सुबह अपने ट्रैक्टर-ट्राली से धान बेचने अतरौली की अनाज मंडी में गए थे। धान बेचकर शाम को गांव लौटते समय गांव गनियावली से निकलते ही सड़क किनारे पड़ी बजरी के ढेर पर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ने से ट्रैक्टर चालक जीतू का संतुलन बिगड़ गया और जीतू ट्रैक्टर से नीचे गिर गए।नीचे गिरते ही ट्रैक्टर का पिछला पहिया और ट्राली का पहिया भी सिर के ऊपर होकर निकल गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दो भाईयों में छोटा था और चार वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। एक वर्ष की बेटी है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कार्यवाहक कोतवाल अरविंद कुमार ने बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।



## रम्पुटा चुनाव परिणाम घोषित: प्रो. ओमवीर अध्यक्ष,
### डॉ. विशाल यादव महामंत्री, डॉ. डीके सिंह बने कोषाध्यक्ष

राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रम्पुटा) के नौ पदों के लिए शनिवार को डीएस कॉलेज में मतदान और भगतजी सभागार में मतगणना हुई, जिसमें 381 में से 364 शिक्षकों ने वोट डाला।अलीगढ़ के राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रम्पुटा) के नौ पदों पर हुए चुनाव का परिणाम शनिवार को घोषित हो गया। इसमें प्रो. ओमवीर सिंह अध्यक्ष और विशाल यादव महामंत्री चुने गए। चुनाव में 381 में से 364 शिक्षकों ने मत डाले। एक मत अवैध मिला। शनिवार को डीएस कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग परिसर में बनाए गए तीन बूथों पर सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद दोपहर तीन बजे भगतजी सभागार में मतगणना शुरू हुई। चुनाव अधिकारी प्रो. मुकेश कुमार भारद्वाज ने बताया कि अध्यक्ष पद पर प्रो. ओमवीर सिंह को 152, डॉ. हरेंद्र सिंह को 119, प्रो. पंकज कुमार को 37, प्रो. रेनू सिंघल को 51 मत मिले। प्रो. ओमवीर सिंह ने 33 मतों से जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. रामकृष्ण पांडेय को 286 मत मिले। निकटतम प्रतिद्वंदी डॉ. पवन कुमार दुबे को 69 मत मिले। डॉ. पांडेय ने 217 मत से जीत गए।



उपाध्यक्ष (महिला) पद पर प्रो. शालिनी चौधरी को 200 मत और प्रो. सुमन रघुवंशी को 150 मत मिले। उपाध्यक्ष (आरक्षित) पद पर डॉ. देवप्रकाश को 163 मत, डॉ. रामअवध यादव को 115 मत, डॉ. गुलशन कुमार को 76 मत मिले। महामंत्री पद पर डॉ. विशाल यादव ने 247 मत हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। डॉ. दिनेश गुप्त को 60, प्रो. रणवीर सिंह को 37, डॉ. राजकुमार भारती को 20 और डॉ. विशाल यादव को 247 मत मिले।कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. डीके सिंह को 231 और डॉ. सतेंद्र गौतम को 125 मत मिले। डॉ. डीके सिंह विजयी रहे। संयुक्त सचिव पद पर डॉ. रोहित मांगलिक ने 164 मत हासिल कर जीत दर्ज की। डॉ. चितरंजन भारती के 123 और डॉ. योगेश चौधरी के 72 मत मिले। संयुक्त सचिव (आरक्षित) पद पर डॉ. राम सिंह को 184 मत ने डॉ. राकेश चौधरी को 168 मत को 16 मत से हरा दया।